# मैहर बायपास मार्ग पर आदिवासियों की जमीन पर बने हैं बारात घर!

## आस लगाए बैठे हैं नाती-पोते क्या पुरखों की जमीन उन्हें वापस मिलेगी

जिले में एक ओर जहां भू माफिया सतना हवाई पट्टी की जमीन के अलावा आदिवासियों की जमीन निगल चुका है,वहीं दूसरी ओर आदिवासियों के नाती पोते आस लगाए बैठे हैं कि क्या उनके पुरखों की जमीन वापस मिलेगी।

सतना।



दरअसल सतना- मैहर बायपास मार्ग पर कई दशक पहले आदिवासियों की जमीन थी जहां पर लंबे समय से बड़े-बड़े बारात घर भी बने हुए हैं। इन्हें खरीदने के लिए कलेक्टर की अनुमति ली गई अथवा नहीं। लेकिन पिछले दिनों हाई कोर्ट से आए एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद माना जा रहा है कि आदिवासियों की ली जा रही जमीन शायद उन्हें वापस मिल सकती है।

### 40 साल पहले खरीदी थी आदिवासी की जमीन,हाईकोर्ट ने अवैध करार दिया

1985-86 में आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी को बेचे जाने के मामले में अहम फैसला आया है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने अहम आदेश में कहा है कि कलेक्टर के नीचे के राजस्व अधिकारी की अनुमति से आदिवासी की जमीन का विक्रय किया जाना शून्य है। इस आदेश के साथ हाईकोर्ट ने राजस्व मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष द्वारा जारी आदेश की पुष्टि करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

### क्या है आदिवासी की जमीन बेचने का मामला?

दरअसल,नर्मदापुरम निवासी आर एन श्रीवास्तव की ओर से राजस्व मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए ये याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि सर्वेक्षण क्रमांक 75 में स्थित जमीन 1983-84 को आदिवासी खुमान सिंह के नाम पर दर्ज थी। इसके बाद वर्ष 1985-1986 में गैर आदिवासी व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा ने इसे खरीदकर अपने नाम दर्ज करवा लिया था। बालकृष्ण शर्मा के बेटे ने बाद में ये जमीन याचिकाकर्ता सहित अन्य व्यक्तियों को बेच दी थी।

### मूल मालिक के पोते ने दायर किया था आवेदन

मूल जमीन मालिक खुमान सिंह के पोते व अनावेदकों ने एसडीएम के समक्ष जमीन अपने नाम दर्ज कराने आवेदन दायर किया था। आवेदन में कहा गया था कि भूमि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 के तहत कलेक्टर की अनुमति के बिना गैर आदिवासी व्यक्तियों को नहीं बेची जा सकती। इसके बाद एसडीएम ने खुमान सिंह के पोते के पक्ष में आदेश पारित किया था,जिसके खिलाफ कलेक्टर,आयुक्त व राजस्व मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष के समक्ष अपील दायर की गई थी। अपील खारिज होने के बाद कोर्ट में ये याचिका दायर की गई जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई।

### कलेक्टर की अनुमति के बिना ऐसा हस्तांतरण शून्य

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने एसडीएम के आदेश के खिलाफ समय सीमा का तर्क दिया। हालांकि, जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा,' याचिकाकर्ता ने स्वीकार किया है कि आदिवासी व्यक्ति की जमीन बेचने के लिए कलेक्टर से अनुमति प्रदान नहीं की गई थी' एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य,अमान्य तथा अवैध है।

### सतना में इस तरह बिकीं जमीनें

2004 से अब तक 442 आदिवासियों की 414 हैक्टेयर जमीन गैर आदिवासियों को बिक चुकी हैं। 2004-05 में 9 आदिवासियों की 8.671 हैक्टेयर, 2005-06 में 36 की 16.175 हैक्टेयर, 2006-07 में 47 की 39.002 हैक्टेयर, 2007-08 में 26 की 24.199 हैक्टेयर, 2008-09 में 20 की 24.039 हैक्टेयर, 2009-10 में 91 की 73.997 हैक्टेयर, 2010-11 में 80 की 71.965 हैक्टेयर, 2011-12 में 20 की 20.499 हैक्टेयर, 2012-13 में 17 आदिवासियों की 24.240 हैक्टेयर, 2013-14 में 6 की 20.018 हैक्टेयर, 2014-15 में 5 की 8.197 हैक्टेयर, 2015-16 में 17 की 11.127 हैक्टेयर, 2016-17 में 12 की 13.156 हैक्टेयर, 2017-18 में 9 की 11.893 हैक्टेयर, 2018-19 में 2 की 0.329, 2019-20 में 1 की 0.648 हैक्टेयर, 2020-21 में 4 की 2.035 हैक्टेयर, 2021-22 में 15 की 12.305 हैक्टेयर, 2022-23 में 25 आदिवासियों की 31.742 हैक्टेयर जमीन कलेक्टर की अनुमति से गैर आदिवासियों को बिक चुकी है।

## खबर संक्षेप

### अवैध नशीली कफ सिरप बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार



**मैहर।** मैहर पुलिस ने एक युवक को नशीली कफ सिरप बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अपसर खान पिता मो.सुलेमान खान उम्र 25 वर्ष निवासी सोनवारी बताया गया है। आरोपी के कब्जे से 35 सीसी कफ सिरप जप्त की गई है। कार्यवाही में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी थाना थाना प्रभारी मैहर,उनि अशोक सिंह,अनिल त्रिपाठी,प्रधान आर ऋषभ छारी,अनिल सिंह,राघवेंद्र सिंह,आर.संजय तिवारी,शिवम तिवारी,राजेंद्र सिंह,जय बागरी,अनूप तिवारी आदि पुलिस टीम शमिल रही।

### निजी खर्च में पार्षद करा रहे पेयजल का वितरण

**मैहर।** जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही वैसे वैसे नगर में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस पेयजल संकट को देखते हुए नगर पालिका परिषद मैहर के वार्ड क्रमांक 15 पार्षद ध्यानेश धर्मेश घई (सनी भैया) के द्वारा निजी खर्च से अपने वार्ड में जल वितरण कराया जा रहा है। पार्षद सनी भैया स्वयं का ट्रैक्टर और टैंकर लगाकर आम जनमानस तक जल वितरण करा रहे हैं। पार्षद की इस अनोखी पहल से वार्डवासियों में खुशी की लहर है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष भी वार्ड के लोगों को गर्मी में पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ा था। पार्षद ध्यानेश घई ने कहा है कि इस वर्ष भी गर्मी के मौसम में वार्ड में किसी भी प्रकार का जल संकट नहीं होने दिया जाएगा तथा नगरपालिका सहयोग करे या न करे हम निजी खर्च पर जल की आपूर्ति कराएंगे।

### वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में नाली एवं नाला निर्माण का भूमि पूजन

**मैहर।** मैहर नगर पालिका मैहर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में नाली एवं नाला निर्माण हेतु भूमि पूजन नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी द्वारा किया गया।बताया गया कि इन कार्यों का शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। वार्ड को एक बड़ी सौगात मिली।इस कार्यक्रम में पार्षद सूर्यप्रकाश चौरसिया,पार्षद केशव कुशवाहा ,पार्षद अशोक चौबे,पार्षद अरुण चौरसिया,अजीत प्रजापति एवं पवन द्विबे उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता के बेटे पर ढाबा मालिक का अपहरण करने का आरोप

**सतना।** मैहर में एक ढाबा संचालक के साथ कथित तौर पर अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया के बेटे लेखू और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। घटना बुधवार रात सवा 9 बजे की है। बाईपास स्थित रामपथ गमन मार्ग पर शिवम पयासी के ढाबे पर कुछ ग्राहक खाना खा रहे थे। इसी दौरान लेखू अपने साथियों के साथ काली कार में वहां पहुंचा। उसने एक खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। जब ग्राहकों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की। कमरे में ले जाकर बेरहमी से पीटा ढाबा संचालक शिवम पयासी जब बीच-बचाव करने आए,तो उनके साथ भी हाथापाई की गई। कुछ देर बाद लेखू अपने साथियों के साथ लौटा और शिवम का अपहरण कर लिया। पीड़ित की शिकायत के अनुसार,उसे पहले कार में और फिर भेडा गांव के एक कमरे में ले जाकर बेरहमी से पीटा गया।

### महावीर जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा, किया गया स्वागत

**मैहर।** मैहर में दिगंबर जैन समाज के द्वारा महावीर जयंती के अवसर में श्री जी को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण शोभा यात्रा निकाली गई। सत्य,अहिसा,अस्तेय,अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं अनंतकाल तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेंगी। यह शोभा यात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर कटरा बाजार से प्रारंभ होते हुए काली मंदिर,स्टेशन रोड,स्टेट बैंक चौराहा, चंडी माता मंदिर,घंटाघर,कैलाश टॉकीज होते हुए कटरा बाजार जैन मंदिर में समापन हुआ। इस शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों में समाज के लोगों के द्वारा उत्साह पूर्वक अपने-अपने घरों में आरती एवं नृत्य करते हुए उनका आशीष प्राप्त किया। शोभा यात्रा में मैहर जैन समाज,कटनी,सतना,शहडोल आदि जिलों से आए जैन समाज के लोगों ने शामिल होकर शोभा यात्रा पर चार चांद लगा दिए। मैहर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था हेतु सहयोग प्रदान किया गया।

## मुकुंदपुर जू से 6 एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे, रेस्क्यू कर बाणसागर डैम में छोड़ा

# तालाब के सूखने पर मगरमच्छ खेत में पहुंचा

**सतना।** मध्य प्रदेश के मैहर में बाबूपुर गांव के लोगों में दहशत तब फैल गई जब एक वयस्क मगरमच्छ सूखे तालाब से निकलकर गांव में आ गया। यह मगरमच्छ पूर्व सरपंच राकेश पटेल के खेत में बुधवार को दिखाई दिया। प्रभारी रेंजर सतीशचंद्र मिश्रा के अनुसार,मगरमच्छ काफी समय से तालाब में बिल बनाकर रह रहा था। गर्मी के कारण तालाब का पानी सूख जाने से वह बाहर आकर खेत में आ गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को देखते ही एसडीओ यशपाल मेहरा को सूचित किया। रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले ही मगरमच्छ वापस अपने बिल में चला गया। मुकुंदपुर जू से 6 एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे गुरुवार को मगरमच्छ के रेस्क्यू के लिए वन मंडल की 8 सदस्यीय टीम और मुकुंदपुर जू से 6 एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से बिल की ऊपरी मिट्टी हटाई गई। रेस्क्यू टीम ने रस्सियों से मगरमच्छ को पकड़कर उसके जबड़े को सुरक्षित तरीके से बांधा। ढाई घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मगरमच्छ को रामनगर के बाणसागर डैम में सुरक्षित छोड़ दिया गया।



## जागरुकता की कमी से मैहर नगर की हो रही दुर्दशा: रमापति गौतम

**मैहर।** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय को रमापति गौतम ने पत्र लिखकर कहा की माँ शारदा की नगरी एवं बाबाअलाउद्दीन की तपो भूमि के नाम से जाना जाता है यहां प्रतिदिन माँ शारदा के दर्शनार्थी हेतु हजारों की तादाद में आते हैं। यहां तीन-तीन सीमेंट उद्योग हैं पर हम मैहर के नागरिकों में जागरुकता न होने एवं व्यवस्था के नाम में बट्टा लगा रहे हैं।नगर न्यास मंत्री कैलाश विजय वर्गीय आप सतना रीवा कई बार आए मगर मैहर के विकास की ओर ध्यान नहीं देते हैं जिससे मैहर नगर की दुर्दशा हो रही है। बाहर का नागरिक जब आता है तब सड़के एवं नालियों की साफ सफाई व्यवस्थित ढंग से न होने एवं अतिक्रमण के कारण तालाबों की गंदगी,बड़े कुओं का पाट देना कुरूपता दर्शाता है। जब कि स्वच्छता के क्षेत्र मे इंदौर प्रथम आता है इसमें वहां के अधिकारियों,कर्मचारियों,जनप्रतिनिधियों,समाज सेवियों को श्रेय जाता है। मैहर की बदनामी में भी ऐसे लोगों का नाम होना चाहिए जहां पर साफ सफाई के नाम महज खाना पूर्ति होती है।अस्पताल के सामने का तालाब उसके नीचे देवधरा तालाब,मालियान तलाब, विनयका तलाब,कटिया तलाब,वार्ड नंबर करिया पानी का तलाब,उत्तर दरवाजा का तलाब,नीलकंठ तलाब,शहर में गंदगी का भंडार है। मैहर के सभी तलाबों का सीमांकन कराकर अतिक्रमण हटाना चाहिए। इसी तरह नालियों का गन्दा पानी जो तलाबों में जा रहा इसे रोकने के उपाय किया जाना चहिये फिर जब तलाबों का पानी कम जाये तो साफ सफाई कराये जाने चाहिए। मैहर नगर के जो शासकीय बड़े कुआं है इन्हे भी साफ कराया जाना चाहिए जैसे वार्ड नंबर 14 हनुमान मंदिर के सामने,रेस्ट हॉउस के बगल के दो कुओं,सिंधी कालोनी के दो कुओं,स्टेशन रोड का कुआं,गल्ला मंडी का कुआं,तामेरन का कुआं,सात पुरानी बस्ती के कुओं की साफ सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर डलवाया जाना चाहिए जिससे गर्मी में पेयजल संकट कम हो सकता है।

# चांदी के रथ पर नगर भ्रमण पर निकले भगवान महावीर

## जैन समाज ने निकाली जन्म कल्याणक यात्रा, गच्छाधिपति आचार्य श्री का हुआ प्रवचन



सतना।

गुरुवार को जैन धर्मावलंबियों के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर रथ यात्रा निकाली गई। श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट की ओर से यात्रा सुबह साढ़े 10 बजे आदिनाथ जिनालय गांधी चौक से शुरू हुई। जैन समाज के लोगों ने स्वयं चांदी के रथ को खींचा। यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर श्री शांतिनाथ घर देहरासर बिहारी चौक,श्री महावीर भवन, चौक बाजार,पत्रीलाल चौक,पॉवर हाउस चौक,हनुमान चौक और शास्त्री चौक होते हुए वापस आदिनाथ जिनालय पहुंची। श्री संघ के सभी श्रावकों ने सफेद कपड़े पहनकर यात्रा में भाग लिया। इससे पहले सुबह 6:45 बजे श्री शक्रस्य महाभिषेक हुआ। साढ़े 9 बजे श्री ऋषभ अभयदेव जैन भवन में गच्छाधिपति आचार्यश्री का प्रवचन रखा गया। इसके बाद श्री पीतांबर जैन समाज ने दोपहर 3 बजे शहर में अलग से शोभायात्रा निकाली। स्वामी वात्सल्य का आयोजन नवयुवक मंडल ने रथयात्रा के बाद दोपहर साढ़े 12 बजे श्री संघ स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों का संदेश देने वाले त्रिशला नंदन श्री महावीर प्रभु के जन्म कल्याणक पर श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# शासन की बहुत योजनाएं है ग्रामीणजन लाभ उठाएं: चतुर्वेदी

### ग्राम पंचायत अमदरा और खेरवासानी में हुआ लाखों के विकाश कार्यों का भूमिपूजन

मैहर।

अमदरा में पशुपति नाथ मंदिर प्रांगण में विधायक निधि के द्वारा तथा खेरवासानी ग्राम पंचायत प्रांगण में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सतना के अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेश परौहा एवं जनपद सदस्य मुरली गुप्ता मौजूद रहे। सर्व प्रथम मां शारदा को प्रणाम करते हुए आचार्य रामकृपाल तिवारी के द्वारा श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा भूमि पूजन करवाया गया।विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा 85 लाख के लगभग राशि से अमदरा ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन,स्टेशन रोड की नाली,खेरमाई मंदिर हेतु पक्की सड़क,बारात घर आदि के लिए विधायक निधि से ये राशि प्रदान की गई थी। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने आमजन को संबोधित करते हुए सभी ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि शासन की योजनाएं बहुत है जनता अपने हितों को जाने और जो भी काम मेरे लायक हो उसके लिए मुझे बताए मैं आपकी पूरी सहायता करूंगा। वहीं जन मित्रों के द्वारा अपनी पुनः बहाली के लिए भी मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम विधायक को जन सेवा मित्रों ने ज्ञापन सौंप कर दोबारा बहाली का आग्रह किया गया। इसी क्रम में सरपंच अमदरा राजेश सिंह और ग्रामजनों ने नई बस्ती अमदरा में नहर में पैदल पुल तथा शासकीय विद्यालय की मांग के साथ -साथ स्टेशन तक की नाली निर्माण का ज्ञापन सौंपा। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने आमजनों को आश्वस्त कर मांगों को पूरा करने का वायदा किया वहीं इसी क्रम में खेरवासानी ग्राम पंचायत में भी नवीन कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच अमदरा अरुण गौतम, बीएमओ डॉक्टर पीयूष पांडे,पारसनाथ तिवारी,मंडल अध्यक्ष अमदरा सुजीत शिवहरे,रमाकांत दुबे, सुरेंद्र पटेल,आशुतोष गौतम,व्यंकट पांडे,सरिता भूमिया,आनन्द तिवारी,नीलेंद्र नारायण दुबे, रीतेश अग्रवाल,पदमा पाठक,दुर्गेश पटेल,सरपंच कुठिलगवां,आनंद तिवारी,राजेश साहू,पंचम शर्मा,बिहारी लाल,विपेंदर गुप्ता,गोलू परोहा,अजय शुक्ला,रामखेलावन पटेल,गणेश पटेल,सनी विश्वकर्मा,जागेश्वर पटेल सरपंच नौगवां सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आज


**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड संभाग पन्ना द्वारा शुक्रवार, 11 अप्रैल को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

### नगर में जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा गूंजा अहिंसा परमो धर्मः का संदेश



**अमानगंज।** पन्ना जिले के हमारे नगर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें ९अहिंसा परमो धर्म९ का संदेश पूरे शहर में गूंज उठा जैन समाज के द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और नगर की गलियाँ धार्मिक भक्ति और उत्साह से भर गईं। शोभायात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से लगभग 2 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें भगवान महावीर की आकर्षक झांकी को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने हाथों में ध्वज, बैनर और ९अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है९ जैसे संदेश लिए नगर भ्रमण किया। यात्रा में शामिल विभिन्न झांकियों के माध्यम से भगवान महावीर के जीवन, सिद्धांतों और उपदेशों को दर्शाया गया बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। पूरे मार्ग पर पुष्पवर्षा की गई जैन मंदिर से प्रारंभ होकर फुहारा चौक पहुंची फुहारा चौक से नया बस स्टैंड होते हुए रैली मटकी चौराहा से होते हुए मंदिर में समापन 6 बजे समापन किया गया। जैन समाज के प्रमुख सदस्यों ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन अहिंसा, सत्य और त्याग का प्रतीक है और आज की दुनिया में उनके सिद्धांत और भी अधिक प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर नगर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। सम्पूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य रूप में सम्पन्न हुआ।

### तेज रफ्तार बाइक चालक आनियंत्रित होकर गिरा



**अमानगंज।** पन्ना जिले के सिमरिया अमानगंज सड़क मार्ग पर आज शाम एक बाइक चालक जो तेज रफ्तार में सिमरिया से अमानगंज की ओर आ रहा था अचानक आनियंत्रित होकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके सिर में गंभीर चोट आ जाने से उसकी हालत बिगड़ गई जिसे 108 के माध्यम से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु लाया गया जहां प्राथमिक उपचार होने के बाद चिकित्सक ने शीघ्र ही उसे जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर किया हालांकि उसकी हालत को देख वह जबलपुर कटनी के हिसाब का केस या मामला समझ में आ रहा था घायल युवक का नाम मोनू चौधरी पिता सुखदास चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी चढ़रा दनबारा पुलिस थाना सिमरिया बताया गया अब उसकी हालत गंभीर है

### राह चलते युवक के साथ मारपीट

**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहनी एक आदिवासी का रास्ता रोककर गांव के ही तीन आदिवासी युवकों द्वारा मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया घटना के विषय में फरियादी तुलसीदास पिता रमेश आदिवासी ने बताया कि यह अपने गांव में ही घूम रहा था कि गांव के ही आरोपी महेंद्र आदिवासी ,सिल्लू आदिवासी, किस्सू आदिवासी ने इसका रास्ता रोका और शराब के नशे में इसे गाली गलौज किया गाली देने से उसने मना किया तो मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया फरियादी की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया।

### जमराय गैस एजेंसी के प्रोपराइटर के विरूद्ध एफआईआर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार गुनौर स्थित जमराय इण्डेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के प्रोपराइटर रंगनाथ शर्मा के विरूद्ध अवैध रूप से 19 नग खाली एलपीजी सिलेण्डर एवं 97 नग भरे हुए सीलपैक एलपीजी गैस सिलेण्डर भण्डारण पर पुलिस थाना सलेहा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

---

#### पुलिस द्वारा धरमपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रमजुपुर में हुये अंधे हत्याकाण्ड का 24 घण्टे के अंदर खुलासा

# पुत्री ने प्रेमी से मिलकर प्रेम प्रसंग के चलते पिता की कराई हत्या

**प्रेम-प्रसंग मे बाधा बनने पर बेटी द्वारा प्रेमी के साथ साजिश रच करवाई गई थी पिता की हत्या**

**घटना मे प्रयुक्त आलाजर्ब रक्त रंजित कुल्हाड़ी की गई जप्त**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अजयगढ़ श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा धरमपुर थानांतर्गत ग्राम रमजूपुर मे हुये अंधे हत्याकाण्ड के आरोपियो को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है।




**पन्ना।**

दिनांक 09.04.25 को थाना प्रभारी धरमपुर को ग्राम रमजुपुर मे किसी व्यक्ति की हत्या होने के संबंध मे सूचना प्राप्त हुई। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी मय हमराह बल के घटना स्थल पहुंचे जहां देखा कि मृतक रामकेश यादव का शव उसके घर के आंगन मे खटिया मे बिछे बिस्तर पर पड़ा हुआ है। मृतक रामकेश की गर्दन मे अत्याधिक गहरा घाव एवं खून निकलता दिखाई दिया घटना स्थल की परिस्थिति एंव शव को देखने पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि मे सोते समय मृतक के गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार करके हत्या किया जाना प्रतीत होने पर मामले मे मौके पर फरियादी की रिपोर्ट पर देहाती अपराध नालसी क्र0 0/25 धारा 103(1) बी.एन.एस. एवं बाद थाना धरमपुर वापसी पर असल अपराध क्रमांक 114/25 कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस. थोटा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये मामले मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व मे एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर मामले के आरोपियों की शीघ्र पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा मुखविर तंत्र को सक्रिय करते हुये मामले के आपोरियो की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये द्यमालमे मे पुलिस टीम द्वारा मुखविर सूचना के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति ग्राम पंचमपुर निवासी राजू डुमार को अभिरक्षा मे लेकर घटना के सम्बंध मे कड़ाई से पूछताछ की गई। जिस पर राजू डुमार द्वारा घटना कारित किये जाना स्वीकार करते हुये बताया गया कि मै और मृतक रामकेश यादव साथ मे पंचमपुर भाट के पहाड़ मे बकरिया चराने जाते थे जहां मृतक की बेटी रामबाई अपने पिता रामकेश यादव को खाना देने आती थी जहां मेरी रामबाई से दोस्ती हो गई थी हम दोनो एक दूसरे को 03 साल से पसंद करते थे ।इस बात का पता रामबाई के पिता को पता चलने पर उसके द्वारा इस बात का विरोध किया गया। अभी 3-4 पूर्व रामबाई का मेरे पास फोन आया कि मेरे पिता मुझे तुमसे दूर रहने के लिये कह रहे है और कह रहे थे की अगर तुम लोग एक-दूसरे से मिले तो मै तुम लोगो को जान से मार दूंगा।तो मैने रामबाई से पूछा की क्या करना है तो रामबाई ने कहा अगर हमने पिता रामकेश को नही मारा तो वह हमे मिलने नही देंगे तो उसी दिन हमने आपस मे बातचीत की रामबाई ने मुझसे कहा कि मेरे पास नींद की गोली रखी है जो मै अपने पापा को खिला दूगी फिर तुम रात मे आना तो उन्हे सोते समय मार देना। तो जब मंगलबार की रात 10 बजे रामबाई का फोन आया की आ जाओ मैने चाय के साथ नींद की गोली मिला कर अपने पिता को खिला दी थी तो वो सो गये है तो मै उसी रात(8-9 अपैल की दरम्यानी) को रामबाई के घर गया तो रामबाई बोली मे महुआ बीनने जा रही हू तुम पिता रामकेश को मार देना तो मैने सोते समय रामकेश के गर्दन पर कुल्हाडी से प्रहार करके उसको जान से मार दिया था। मामले मे पुलिस टीम द्वारा राजू डुमार के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त कुल्हाडी जप्त कर मृतक की बेटी सहित दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

**नाम पता आरोपी**– 1. रामबाई यादव पिता रामकेश यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम रमजुपुर थाना धरमपुर, 2. राजू डुमार पिता आनंदी डुमार उम्र 35 साल निवासी ग्राम पंचमपुर थाना धरमपुर

**सराहनीय योगदान**– थाना प्रभारी धरमपुर उप.निरी. बलवीर सिंह,सायबर सेल प्रभारी उनि. अनिल सिंह राजपूत स.उ.नि प्रीतम सिंह, प्र.आर. अशोक प्रजापति,जितेन्द्र मिश्रा,आर. विनोद,शिवचरण,ब्रजेश , अमित,निश्चल ,सोनू खटीक,वरुण महिला.आर. आकांक्षा,सविता एवं सायबर सेल टीम का

---

## अजयगढ़ थाना क्षेत्र में घर के बाहर से मोटर पम्प चोरी करने वाले 2 शातिर चोरों को घटना के 24 घण्टे के अंदर किया गया गिरफ्तार



**आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मोटर पम्प किया गया जप्त**

**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अजयगढ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह के नेतृत्व में अजयगढ़ थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा घर के बाहर से मोटर पम्प चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। मामले में फरियादी के द्वारा थाना अजयगढ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 08-09 की दरम्यानी रात्रि को जब हम खाना पीना खाकर सो गये थे जब सुबह उठकर मोटर पम्प के चौम्बर को देखा तो चौम्बर टूटा हुआ था एवं उसके अंदर पानी की सप्लाई हेतु लगे टोरमेक कम्पनी के हरे रंग का मोटर पम्प नही था जो कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये फरियादी की सूचना पर थाना अजयगढ में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 169/25 धारा 303(02) बीएनएस का पंजीबंद किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी अजयगढ निरीक्षक बखत सिंह द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये घटनास्थल पर निरीक्षण के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर एक संदेही को सिंहपुर तिराहा अजयगढ से अभिरक्षा मे लिया गया ।पुलिस टीम द्वारा घटना के सम्बंध मे कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर उक्त संदेही रमेश उर्फ उमेश रजक द्वारा अपने साथी शालू सेन के साथ मिलकर घर के बाहर रखे मोटर पम्प को चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किये गये टोरमेक कम्पनी के हरे रंग के मोटर पम्प को जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा माममे के दोनो आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां जेल वारण्ट प्राप्त होने पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

**नाम पता आरोपी** - 1. रमेश उर्फ उमेश रजक पिता स्व. विंदा रजक उम्र 24 साल निवासी ग्राम भैराहा थाना धरमपुर, 2. शालू सेन पिता चन्द्रिका प्रसाद सेन उम्र 19 साल निवासी ग्राम भैराहा थाना धरमपुर।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ निरीक्षक बखत सिंह, प्र.आर. संतोष सिंह. शंकर सिंह जयेन्द्र पाल सिहं,आर. भोपाल सिंह,मनोज पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

---

#### होम स्टे व डायमण्ड पार्क के साथ मंदिरों को ध्यान में रखते हुये

## टूरिजम को लेकर चाय पर चर्चा प्रदेशाध्यक्ष खजुराहो सांसद बी.डी शर्मा के साथ

**पन्ना।**

प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा जो दूरगामी सोच के साथ जिले के विकास को दिशा दे रहे है, मीडिया के साथ चाय पर जिले के विकास के मुद्दों पर फोकस जिसमें मडला से पन्ना को लेकर एलीवेटिड रोड तथा पन्ना मंदिरों की नगरी साथ ही होम स्टे व डायमण्ड पार्क के माध्यम से टूरिजम पर विशेष फोकस तथा रोजगार की दिशा तय करने के लिये ध्यान वहीं जुगल किशोर लोक के निर्माण को लेकर तथा पवित्र नगरी पन्ना में शराब दुकानों की बंदी के बाद जहां भी शराब दुकानें खेली जा रही है जनता का भी रखें ख्याल प्रशासन को दी हिदायत।

जिले के विकास को लेकर प्रदेशाध्यक्ष खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा जो अपनी दूरगामी सोच के साथ विकास की दिशा को अंजाम देने को लेकर जिला मुख्यालय में अपने निवास में मीडिया के साथ चाय पर विशेष चर्चा जिले के विकास को लेकर जहां साझा की जिसमें एलीवेटिड रोड जो टाइगर रिजर्व के चलते मडला घाटी में बनाये जाने को लेकर आपने जो प्रयास किये है जिसके चलते पन्ना नगर के लिये सीधे आवागवन के लिये जो मार्ग लंबे अर्से से इंतजार में है उसका मार्ग भी निर्माण को लेकर प्रसस्त्र होगा। साथ ही पन्ना में जहां डायमण्ड पार्क के आने के बाद टूरिजम तथा रोजगार दोनों के लिये दिशा मिलेगी। डायमण्ड को लेकर लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनायें तय होंगी वहीं पन्ना डायमण्ड के साथ-साथ मंदिरों की नगरी तथा टाइगर रिजर्व को लेकर टूरिजम के क्षेत्र में पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनाया जा सकता है। जिसको लेकर होम स्टे को लेकर भी आपने ध्यान मीडिया का आकर्षित किया वहीं गाइड जिस तरह से किसी दिशा में विशेष स्थान को बताने का कार्य करते है पन्ना में भी टूरिजम को लेकर जहां युवाओं को पॉलीटेक्निक के माध्यम से टूरिजम का कोर्स कराया जाये जिससे युवाओं की सोच टूरिजम के क्षेत्र में जानी जायेगी। वहीं आने वाले समय में पन्ना अलग ही जाना जायेगा चूंकि पन्ना नगर में मंदिरों के साथ-साथ आस पास के क्षेत्र में विशेष धार्मिक स्थल है तथा डायमण्ड पार्क के निर्माण के बाद भी उद्योग की दिशा में जहां हीरे के कारोबार में उद्योगपतियों का ध्यान जरूर सामने आयेगा। वहीं पन्ना के हृदय स्थली यहां के धार्मिक आस्था का केन्द्र जुगल किशोर लोक निर्माण को लेकर भी विशेष रूप से जहां लोगों को उत्साह के साथ आगे आने की जरूरत है वहीं अतिक्रमण जो हटाने के लिये उचित माना जाये उस पर भी सब मिलकर अपने से आगे आयें तभी विकास की दिशा तय होगी। वहीं वर्तमान समय में सरकार ने पवित्र नगरी को ध्यान में रखकर पन्ना नगर में शराब दुकानें बंद की है इसके साथ-साथ जहां शराब दुकानें खोली जा रही है आम जनता के विरोध को नजर अंदाज न किया जाये। एसडीएम पन्ना से आपने सीधी बात की जनता की आवाज का ख्याल रखा जाये जनता की सहमति को लेकर भी शराब दुकानें सामंजस्य के साथ खोली जायें वहीं कॉलेज स्कूल आदि पर भी गौर करें। प्रदेशाध्यक्ष खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा के सामने मीडिया ने जहां लोक निर्माण विभाग की घटिया सड़क निर्माण को लकर भी बात रखी जिसका लोकार्पण किया जा रहा है तभी सांसद खजुराहो बी.डी. शर्मा ने लोक निर्माण कार्य पालन यंत्री को भी भाजपा जिला ध्यक्ष से चर्चा करते हुये ऐसे मार्गों की जांच कराने की बात कही। गौरतलब बात यह है कि जब इस तरह से विकास को लेकर मीडिया के साथ सीधी चर्चा करते हुये आगे के विकास को लेकर भी जोर दिया जा रहा है पन्ना नगर में बने प्राचीन तालाबों के विकास को लेकर भी चर्चा में बताया गया जो भविष्य में आगे आने वाले समय में सुधार की दिशा तय होगी वहीं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा की संवेदनशीलता तथा सरलता व सोच के साथ भावी विकास से पन्ना जिले को दिशा देने को लेकर जो प्रयास किये जा रहे है निश्चिततौर पर आग आने वाले समय में पन्ना अलग ही जाना जायेगा।



---

#### देवेंद्र नगर में चांदी के रथ पर विराजमान हुए महावीर स्वामी, जैन समाज ने जन्म कल्याणक पर्व पर निकाली शोभा यात्रा

# महावीर जयंती में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा





**पन्ना।**

देवेंद्रनगर में जैन समाज द्वारा भगवान श्री महावीर स्वामी की जन्म जयंती के अवशर पर प्रातः कालीन वेला में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका श्री ऋजुमती माताजी ससंघ 11 माताजी के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन ष्विवेकष्के निर्देशन में विधि-विधान पूर्वक जिनाभिषेक शांतिधारा एवं पूजनोपरांत भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें ढोल नगाड़े एवं डीजे के मध्य हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित रहे। जैन समुदाय द्वारा जगह जगह पर रंगोली चौक तोरणद्वार एवं अनेक विविध रुपों से रथयात्रा की शोभा को बढ़ाकर भगवान श्री महावीर स्वामी के प्रति अपनी अनन्य श्रद्धा भक्ति का समर्पण व्यक्त किया।स्थानीय भजन मण्डली द्वारा संपूर्ण मार्ग में भगवान श्री महावीर स्वामी का गुणगान किया जा रहा था तथा मनीष जैन, रबी दादा, शांत कुमार जैन पट्टू, अजित बडबाडा, डीके जैन, अतुल अत्तू,की टीम के द्वारा भजनों में भक्तजन भक्ति गान की धुन पर श्रद्धा से सराबोर हो झूमते थिरकते नजर आ रहे थे। रथयात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः जैन मंदिर परिसर में पहुंची ,जहां भगवान का महाभिषेक किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए भक्तामर दीप अर्चना, महाआरती कीर्तन एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित कालजयी रचना मूकमाटी महाकाव्य पर आधारित नाटिका का मंचन किया गया जिसे सभी ने सराहा। पाठशाला के बच्चों द्वारा सुंदर झांकी का प्रदर्शन किया गया जिसमें राजस्थान के चांदनपुर गांव में सैंकड़ों वर्षो पूर्व घटी चमत्कारिक घटना को दिखाया गया,जिसमें ग्वाले द्वारा टीले की खुदाई से प्राप्त अत्यंत मनोहारी भगवान श्री महावीर स्वामी की दिव्य प्रतिमा का निकलना तथा राजमहल में भगवान के जन्मोत्सव का दृष्य दिखाया गया इस मौके पर नगर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों द्द अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और संयम द्द का प्रचार-प्रसार करना है। रथ पर भगवान महावीर की भव्य प्रतिमा को विराजमान किया गया था, जिसे पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। भजन मंडलियों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जा रही थी, जिससे संपूर्ण वातावरण धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत हो इस दौरान देवेंद्र नगर जैन समाज ने भी शोभायात्रा में भाग लेकर भगवान महावीर के चरणों में वंदन किया और समाज को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और शांति के संदेश को समाज में आत्मसात करने की अपील की जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री रवि जैन ने जानकारी दी कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आज कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई थी। पहले दिन सुबह प्रभात फेरी निकाली गई और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जैन समाज कमेटी के कोषाध्यक्ष संजय जैन संजू मामा, मनीष जैन, उपाध्यक्ष इंद्र चंद्र जैन बट्टू, सहमंत्री राहुल जैन, पट्टू सेठ, मुनि व्यवस्था अध्यक्ष रबींद्र जैन बब्लू सहित समस्त जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सकल समाज एवं नगर वासियों द्वारा हृदय से सराहा गया।श्रीमती साधना श्रीमती राजुल जैन सहित समस्त महिलाओं ने भरपूर योगदान दिया। समाज के लोगों ने भगवान महावीर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और देश में शांति, अहिंसा व भाईचारे की भावना को प्रबल बनाने का संदेश दिया इस अवसर पर वात्सल्य भोज का आयोजन भी किया गया। थाना प्रभारी हरवचन कुडापे तथा उनकी पुलिस टीम ने व्यवस्था संपूर्ण कार्यक्रम को निर्विघ्न सम्पन्न कराया।

---

## आबकारी विभाग की टीम ने जप्त की एक लाख रूपए मूल्य की 23 पेटी अवैध शराब

**पन्ना।** जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब की सघन तलाशी और कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में थाना गुनौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैगुवां में एक घर से शराब का अवैध रूप से संग्रहण पाया गया। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि इस संबंध में मिली सूचना के आधार पर जिला आबकारी अधिकारी ने पुष्टि की और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभूदयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर मौके पर त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा। टीम द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर विधिवत सघन तलाशी की गई। इस दौरान आरोपी राजाजी परमार उम्र 23 वर्ष के कब्जे से एक कमरे में भूसे में छिपाकर रखी गई 20 पेटी देशी शराब प्लेन और 3 पेटी गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल 1150 पाव कुल मात्रा 207 बल्क लीटर बरामद की गई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है। टीम द्वारा आरोपी से जप्त शराब के संबंध में वैध परमिट या लायसेंस मांगने पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। इस पर म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अपराध में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए पन्ना न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यहां से आरोपी को जिला जेल पन्ना भेजा गया। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा शराब के अवैध संग्रहण में अन्य किसी व्यक्ति के शामिल होने की संभावना पर भी जांच की जा रही है। आरोपी के कथन अनुसार उसके सहयोगी के रूप में उपेन्द्र सिंह निवासी नैगुवां, गोविन्द सिंह निवासी सिमरी सूरत थाना अमानगंज, सुमित पाण्डेय निवासी भीतरी मुटमुरु थाना सलेहा सहित अन्य आरोपी सम्मिलित हैं। बताया गया है कि पन्ना जिले के पुराने ठेकेदारों का ठेका खत्म होने के कारण उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह चोरी छुपे शराब बेची गई, जिनका संग्रह अभी कई लोगों के पास है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर इनका पता किया जा रहा है। इसके पूर्व भी आबकारी टीम द्वारा अकोला स्थित यादव ढाबा से आरोपी बिहारी उर्फ भूपेन्द्र यादव से शराब पकड़कर आबकारी अधिनियम की धारा में न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेजा गया है। आबकारी टीम में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय सहित हरीश पाण्डेय, विक्रांत जैन, आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक रविप्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, महिला नगर सैनिक कौशल्या बाई, नगर सैनिक वीरेन्द्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, सोहेल उर्फ छोटू खान, सुशांत सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे। आगामी दिवसों में भी अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप



### वैश्य महासम्मेलन की नगर इकाई ने किया स्वागत

**छतरपुर।** वैश्य महासम्मेलन की नगर इकाई द्वारा श्रीजी की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान आनंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, राजीव रूसिया, द्वारका प्रसाद असाटी, रामकुमार गुप्ता, रामनारायण अग्रवाल, प्रकाशचंद जैन, पवन गंधी, जयप्रकाश पहारिया, पंकज जैन, संजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, दिनेश पहारिया, शंकर लाल सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता, बालमुकुंद असाटी, बृजेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मेहुल अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### बेटी की पेटी अभियान के तहत छात्राओं को जागरूक करने में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** बड़ामलहरा पुलिस ने बेटी की पेटी अभियान के तहत क्षेत्र के विद्यालयों में शिकायत पेटियां लगाई हैं। इस पहल का उद्देश्य महिला और छात्राओं को अपराधों से बचाने, साइबर जागरूकता बढ़ाने और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में बड़ामलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला और उनकी टीम ने शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय आईटीआई कॉलेज और सीएम राइज विद्यालय बड़ामलहरा में जाकर छात्राओं को मनी फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग, महिला-बच्चों के खिलाफ अपराध और नशीली सामग्री से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिकायत पेटी के माध्यम से परेशानी, पीछा करना, सोशल मीडिया पर दिक्कत या अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाई जा सकती है, जिसकी जांच के बाद कार्रवाई होगी। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, पोक्सो एक्ट और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी, ताकि छात्राएं सशक्त और सुरक्षित रहें।

### अहिंसा परमो धर्मः के उद्घोष से गुंजायमान हुआ छतरपुर

## महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा



**छतरपुर।** जैन धर्मावलंबियों के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्मकल्याणक छतरपुर नगर में धूमधाम से मनाया गया। जन्मकल्याणक समारोह का शुभारंभ जैन मंदिरों में सुबह 6 बजे श्रीजी के मंगल अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन से हुआ। तत्पश्चात प्रातः साढ़े 7 बजे श्री नेमिनाथ जिनालय से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

शोभायात्रा कोतवाली, महल तिराहा, छत्रसाल चौक से होती हुई मेलाग्राउंड स्थित श्री अजितनाथ जिनालय पहुंची, जहां मेलाग्राउंड पर स्थित कीर्ति स्तंभ पर समारोहपूर्वक जिनधर्म का ध्वजारोहण हुआ। इसके बाद शोभायात्रा छत्रसाल चौक से आकाशवाणी तिराहा, सर्किट हाउस तिराहा स्थित कीर्ति स्तम्भ होते हुये बस स्टेंड, चौक बाजार से पुनः नेमिनाथ जिनालय पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में युवाजन व पुरुष सफेद कुर्ते, पैजामे एवं महिलाएं पीली केसरिया साड़ी परिधान में सम्मिलित हुईं, जो भगवान महावीर के संदेशों का शंखनाद करते, जयकारे लगाते तथा भजन गाते चल रही थीं। इस मौके पर जैन समाज के अंचल जैन ने बताया कि संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय हैं। उन्होंने कहा कि आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देनेवाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है। यह सह-अस्तित्व, सहनशीलता, सौहार्द और शांति को जन्म देनेवाला सिद्धांत है। इसमें विद्वेष और वैमनस्य के उन्मूलन की असीम शक्ति विद्यमान है। अहिंसा मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसके मूल में समस्त प्राणि जगत के लिए करूणा का कल्याणकारी भाव है, जो अंततः मानव से लेकर पशु-पादप जगत और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी के संरक्षण, संतुलन और सतत विकास का ही सिद्धांत है। जियो और जीने दो तथा अहिंसा को अपने जीवन में एक मानवीय आचार-संहिता की तरह अपनाएं, सम्पूर्ण मानवता को गले लगाएं।

## खजुराहो में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई जयंती




**खजुराहो।** महावीर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। स्वर्णोदय तीर्थ में भगवान शांतिनाथ स्वामी का अभिषेक और शांतिधारा विश्व कल्याण के लिए की गई। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा गांधी चौक, बस स्टैंड और पाहिल तिराहे से होते हुए मतंगेश्वर महादेव तिराहे पर पहुंची, जहां व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, गौरव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुरेंद्र असाटी, आनंद चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, राजकुमार गंगले और अन्य गणमान्य नागरिकों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए खजुराहो थाना प्रभारी सुरभि शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। समाजसेविका शिल्पी जैन और राकेश जैन ने श्रीराम सेवा समिति, व्यापारी संघ और नगर परिषद का आभार जताया। वहीं जैन समाज ने भगवान महावीर के जियो और जीने दो संदेश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 संकल्पों-पानी बचाओ, एक पेड़ लगाओ, स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल, देश दर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वस्थ जीवन, योग, गरीबों की सहायता को अपनाने की अपील की।

### बमीठा में भी निकली शोभायात्रा

महावीर स्वामी की जयंती पर बमीठा में भी जैन समाज द्वारा डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। बच्चे और महिला-पुरुषों ने ढोल-नगाड़ों तथा डीजे पर बज रहे गीतों की धुन पर नृत्य किया। जैन समाज के लोग शोभायात्रा में सिर पर साफा बांधकर शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे थे।

## ईशानगर में प्रभात फेरी के बाद निकली भव्य शोभायात्रा



**ईशानगर।** जैन समाज ने महावीर जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया। दिगंबर जैन मंदिर, श्री राम राजा चौराहा से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। फेरी छतरपुर रोड, पुराना बस स्टैंड और श्रीराम कॉलोनी होते हुए मंदिर में समाप्त हुई। इसके बाद भगवान महावीर की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई और मंदिर में विशेष अभिषेक हुआ। शोभायात्रा के दौरान भगवान महावीर के जयकारों से वातावरण भक्ति में डूबा रहा। शोभायात्रा में अभिषेक जैन, अशोक जैन, बल्ली जैन, विमल जैन, अमन जैन, अनिल जैन, अनुज जैन सहित महिलाएं और बच्चे शामिल रहे।

## बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने तबाह की फसल



**ईशानगर।** कस्बे में एक स्थान पर गुरुवार को विद्युत तारों से निकली चिंगारी ने एक किसान की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना में किसान पंखू प्रजापति की लगभग 14 क्विंटल जवा की फसल जलकर खाक हो गई है। आग लगने के बाद परिवार और आसपास के किसानों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास किया, जिससे अन्य फसलों को नुकसान से बचा लिया गया। पंखू प्रजापति की बहू ने बताया कि बिजली के तारों से चिंगारी निकलने की शिकायत पहले से बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे के बाद किसान पंखू प्रजापति ने प्रशासन से तारों की मरम्मत कराने और उसे हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

## पुलिस ने 12 घंटे में पकड़ा मवेशी चोर



**नौगांव।** थाना अंतर्गत लुगासी चौकी क्षेत्र में भैंस चोरी की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर मवेशी चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई चार भैंसें भी बरामद कर ली गईं हैं। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस लुगासी चौकी क्षेत्र के ग्राम नैगुंवां निवासी किसान की पठवा हार से भैंस चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों की जानकारी जुटाई और पूछताछ के बाद आरोपी राजू पुत्र उदल अहिरवार निवासी ग्राम दौनी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मवेशी चोरी करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## लग्जरी कार में मिली 58 लीटर अवैध शराब



**लवकुशनगर।** थाना पुलिस ने एक लग्जरी कार से 58 लीटर अवैध शराब जप्त करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक परसराम डाबर ने बताया कि दोपहर में बगमऊ तिगड्डा के कटहरा रोड पर अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तेज रफ्तार कार का पीछा किया, लेकिन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। तलाशी में कार से पांच पेटी अवैध देशी-कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस टीम ने कार और शराब जप्त कर ली है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी बबलू रजक, निवासी ग्राम कटहरा, थाना लवकुशनगर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की है।

### जिला अस्पताल में खराब पड़े एसी-पंखे

## मरीजों की हालत खराब, परिजन जुटा रहे संसाधन



**छतरपुर।** इन दिनों शहर का तापमान 42 डिग्री के आसपास है और जिला अस्पताल में गर्मी के कारण मरीजों की स्थिति खराब हो रही है। दरअसल अस्पताल के वार्डों में लगे पंखे और एसी खराब पड़े हैं, जिस पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गर्मी से बचाव के लिए उचित इंतजाम न होने से मरीजों और उनके परिजनों में रोष है, वहीं कई परिजन अपने घरों से पंखे लाकर मरीजों की मदद कर रहे हैं।

असपताल के वर्न वार्ड में भी हालात बेहद खराब हैं। अपनी भाभी का इलाज कराने मनिया गांव से आए रविन्द्र पटेल ने बताया कि गर्मी से उनकी हालत खराब हो रही है, क्योंकि अस्पताल के पंखे और एसी खराब पड़े हैं। इसी तरह कैलाश नामदेव का कहना था कि उनका मरीज आग में झुलस गया था जिसका इलाज चल रहा है। भीषण गर्मी में अस्पताल के ऐसी-पंखे खराब होने के कारण वह घर से पंखा लेकर आए हैं। कुछ अन्य मरीजों के परिजनों का कहना है कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण उन्हें खुद इंतजाम करने पड़ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने कहा कि वे तत्काल सिविल सर्जन को सुधार के निर्देश दे रहे हैं। वहीं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि वे अस्पताल प्रबंधन से बात करेंगे और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### परिवार में सबको सम्मान मिले यही रिश्तों की असली मिठास है

## केंद्रीय मंत्री का अनुभव एवं ऊर्जा संवाद कार्यक्रम

**छतरपुर।** क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के निर्देश पर जिला स्तर में अनुभव एवं ऊर्जा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी के विचार जानने का प्रयास हुआ। केंद्रीय मंत्री की यह सोच परिवार व समाज में मिठास पैदा करने की एक पहल है। बुजुर्गों के अनुभव से बच्चों को संस्कृति और संस्कार से जोडऩे के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में बुजुर्गों ने अपनी बातें रखी और परिवार तथा समाज के सामंजस्य के संबंध में बातें की। जानकारी के मुताबिक शहर के पुरानी तहसील प्रांगण में अनुभव एवं ऊर्जा संवाद का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। महिला बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार की पीढ़ियों की कड़ी को जोडऩे का है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि परिवारों में सामंजस्य बिगड़ रहा है विघटन की स्थितियां पैदा हो रही है जो अत्यंत चिंतनीय है। वहीं वरिष्ठ समाज सेवी शंकर सोनी ने भी अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि पीढिय़ों को जोडऩे का काम हमें करना है। समाज के भीतर जो गैप पनप रहा है उसे खत्म करें। पश्चिमी देश के लोग भारत की संस्कृति अपना रहे हैं लेकिन हमारे देश के लोग अपनी संस्कृति से दूर नजर आ रहे हैं। विदेशी लोग शांति की खोज में अपना सब कुछ छोड़कर भारत आ रहे हैं और उन्हें यहां शांति भी मिल रही है। हमारे वेद, पुराण, उपनिषद जीवन जीने की कला सिखाते हैं तथा जीवन की आपाधापी से बाहर निकालते हैं। इस मौके पर पूर्व डीएसपी बंधवेश प्रताप सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता जयराम चतुर्वेदी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह गुड्डु, पूर्व नपाध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति, मानसिक रोगियों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा, रविंद्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। मंचीय कार्यक्रम के बाद पुराने तहसील प्रांगण से रामचरितमानस मैदान तक पैदल मार्च हुआ।

### वृद्ध महिला विचार रखते हुए भावुक हुई

दादा-दादी, नाना-नानी के अनुभवों को मंच के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के इस कार्यक्रम में विमला गुप्ता नाम की महिला ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एक माता-पिता अपने बच्चों की बेहतर देखभाल करने के साथ-साथ उनकी खुशी के लिए सब कुछ करते हैं लेकिन बच्चे जब बड़े हो जाते हैं तो वह माता-पिता का ख्याल रखना भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार से खुश है लेकिन आज के वातावरण को देखकर मन विचलित हो जाता है। वह बुजुर्गों की उपेक्षा होने की बात कहते हुए भावुक हो उठीं।

### कैंड़ी फोरलेन ब्रिज के पास हुई लूट की घटना का हुआ खुलासा

## पुलिस ने दो दिनों के अंदर आधा दर्जन आरोपियों को दबोचा



**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के कैंड़ी फोरलेन ब्रिज के आगे दो दिन पहले हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की संपत्ति, घटना में प्रयुक्त मोबाइल और हथियार भी बरामद किए गए हैं। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरावन कला निवासी रामजी अहिरवार ने बताया कि दो दिन पहले वह अपने दोस्त जानकी और हरिश्चंद्र कुशवाहा के साथ बिजावर से घर वापस लौट रहा था तभी छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के कैंड़ी फोरलेन ब्रिज के आगे आधा दर्जन लुटेरों ने उनका रास्ता रोककर मारपीट की और उनके पास मौजूद एक बैग, 2700 रुपये नगद, साथ ही गले की चेन लूट ली। उन्होंने डायल-100 को फोन कर मदद मांगी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि यह घटना दो दिन पहले रात के समय की है, जिसमें तीन युवकों के साथ मारपीट और लूट हुई थी। आरोपी रवि अहिरवार, दीपक तिवारी, करन अहिरवार, राहुल साहू, शिवा अहिरवार और रवि कुशवाहा सभी निवासी नारायणपुरा रोड छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को लूट की संपत्ति के साथ पकड़ लिया गया है और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

## अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए 3 अपराधी



**छतरपुर।** अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली, महाराजपुर औश्र लवकुशनगर क्षेत्रों से पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कट्टे और कारतूस भी जब्त किए हैं। थाना कोतवाली पुलिस ने पुरानी बड़ौदा बैंक के पास पवन पुत्र उमेश तिवारी, निवासी ग्राम टाटा, जिला रीवा, हाल परिवारी मोहल्ला छतरपुर को 315 बोर का देशी कट्टा सहित पकड़ा, जो चोरी, अवैध हथियार और मारपीट के 6 अपराधों में लिप्त है। इसी तरह थाना महाराजपुर पुलिस ने कमल तलैया के पास सलमान पुत्र हसन खान, वार्ड क्रमांक 10, कस्बा महाराजपुर को 315 बोर कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, जो लूट, अवैध हथियार और मारपीट के 12 अपराधों में शामिल रहा है। थाना लवकुशनगर पुलिस ने नया बस स्टैंड लवकुश नगर से चुक्के उर्फ जाहर उर्फ विक्रम सिंह पिता कालका प्रसाद सिंह ग्राम मुडेरी को 315 बोर कट्टा सहित पकड़ा, जो 9 अपराधों में लिप्त है। सभी आरोपियों के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा जा रहा है।

## अलग-अलग स्थानों पर हत्या का प्रयास करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** नौगांव पुलिस ने ग्राम मानपुरा और मऊसहानियां में दो अलग-अलग हत्या के प्रयास के मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी के खिलाफ पहले से आधा दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। नौगांव थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि ग्राम मानपुरा में हत्या के प्रयास के आरोपी बृजेंद्र सिंह और जीतेन्द्र सिंह दोनों पुत्र धीरज सिंह बुंदेला निवासी ग्राम मानपुरा को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में धीरज सिंह पुत्र नेपाल सिंह बुंदेला को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपी बृजेंद्र सिंह पर हत्या का प्रयास, अवैध शराब और अवैध हथियार जैसे 6 अपराध पहले से दर्ज हैं। वहीं, ग्राम मऊसहानियां में हत्या के प्रयास के आरोपी सुरेश पुत्र हल्लू कुशवाहा और महेंद्र पुत्र गोविंददास कुशवाहा दोनों निवासी ग्राम मऊसहानियां को पकड़ा गया है। इस मामले में दिलीप पुत्र मैयादीन कुशवाहा, बाबूलाल पुत्र हल्लू कुशवाहा और नरेन्द्र पुत्र बृजलाल कुशवाहा को पहले जेल भेजा जा चुका है। बीते रोज गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ईद-उल-फितर पर एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब में छाया भाईचारे और खुशियों का रंग



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब में ईद-उल-फितर का पावन पर्व बड़े ही उल्लास, सौहार्द्र और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। वीवा क्लब में आयोजित इस भव्य आयोजन में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सबने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठास से भरा यह दिन सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेरता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारीगण – श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं अध्यक्ष वीवा), श्री अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), श्री दिनेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) ने भी कार्यक्रम मे शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने अपने संबोधन में ईद के मूल्यों – समानता, भाईचारा और एकता – पर जोर दिया। वहीं श्री अब्दुल नदीम, अपर महाप्रबंधक (ईएमडी) ने इस त्यौहार के सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर विंध्यनगर मस्जिद के इमाम क़ारी जावेद साहब ने भी एक प्रेरणादायक संदेश देते हुए सभी समुदायों में प्रेम और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री अभिषेक पांडे के स्वागत भाषण से हुई, जबकि अंत में श्री आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा एवं उपाध्यक्ष, वीवा) और श्री सौरव कुमार (महासचिव, वीवा) ने सबका आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी विंध्याचल के परिवारों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस पर्व को एक यादगार और प्रेरणादायक अवसर बना दिया, जो कार्यस्थल पर समरसता और मिलजुल कर रहने की भावना को और मजबूत करता है।

## नन्हा-सा-दिल एनसीएल" सीएसआर पहल के पहले चरण में 2,658 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग



**सिंगरौली।** एनसीएल द्वारा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ति बच्चों को नव जीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गयी "नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" सीएसआर पहल का पहला चरण वैढ़न तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस दौरान एनसीएल द्वारा 38 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें अभी तक 2,658 बच्चों की स्क्रीनिंग की गयी है एवं 87 बच्चों को ईको विश्लेषण हेतु चिहनित किया गया है। इसके बाद हृदय रोग की पुष्टि होने पर मरीज बच्चों को श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के अस्पतालों में निः शुल्क सर्जरी हेतु रेफर किया जाएगा।

एनसीएल ने सिंगरौली परिक्षेत्र में निवासरत जन्मजात हृदय रोग-कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज (सीएचडी) से पीड़ित बच्चों के निः शुल्क जीवन रक्षण सर्जरी हेतु "नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" सीएसआर पहल की 22 मार्च, 2025 को औपचारिक शुरुआत की है। इस अभिनव सीएसआर पहल के तहत एनसीएल द्वारा 345 स्क्रीनिंग शिविरों के माध्यम से 17000 से अधिक बच्चों की हृदय रोग जांच की जाएगी।

गौरतलब है कि भारत में हर साल लगभग 3 लाख बच्चे सीएचडी के साथ पैदा होते हैं जिनमें से इलाज़ के अधिक लागत के कारण 5% रोगी ही सर्जरी करवा पाते हैं। एनसीएल की इस सीएसआर पहल से सिंगरौली परिक्षेत्र में दिल की बीमारियों से पीड़ित बच्चों को निः शुल्क जीवन का उपहार मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

रीवा। जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

### पुलिस ने 8 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट मामले में था फरार



रीवा। जिले के गुढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, बता दे गुढ़ पुलिस ने बीते 4 नवंबर को बदवार में स्थित एक खेत में छिपाई गई नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी थी। जिसके कीमत करीब दो लाख रूपए है मामले में पुलिस 778 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त किया था, वही पुलिस ने मौके से लवकुश पटेल को गिरफ्तार किया था, जबकि दो आरोपी फरार हो गए थे, प्रकरण में फरार एक आरोपी विपिन विश्वकर्मा को 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि आरोपी आदर्श दुबे पिता उमाशंकर दुबे 24 वर्ष निवासी बदवार फरार था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तार के लिए 8 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मामले में फरार आरोपी आदर्श को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया।

### निगम आयुक्त ने अवैध कॉलोनियों की स्थिति पर नाराजगी जताई

रीवा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अवैध कॉलोनियों की स्थिति पर नाराजगी जताई। कहा कि डिमांड नोटिस केवल दिखावा साबित हुआ है। उन्होंने अवैध कॉलोनाइजर्स को नोटिस जारी करने और विकास शुल्क वसूलने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि जो कॉलोनाइजर शुल्क नहीं जमा करेंगे, उनकी कॉलोनी की की भूमि नगर निगम द्वारा अधिग्रहित की जाएगी। जिन कॉलोनियों को नोटिस नहीं भेजे गए है, उन्हें तीन दिनों में नोटिस तामील कराकर कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाए। आयुक्त ने बताया कि 181 करोड़ रुपए की वसूली प्रक्रिया चल रही रही है, है, जिसे गति देने के निर्देश दिए गए है।बॉक्स लापरवाह ठेकेदारों को नोटिस के निर्देशशहर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लापरवाह ठेकेदारों को नोटिस जारी करने और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की बात कही। कायाकल्प योजना के तहत सभी कार्य 15 जून तक पूरे करने के निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुओं की सफाई के लिए सेफ्टी उपकरणों के साथ कार्य कराने का भी निर्देश दिया गया।

---

#### प्रॉपर्टी डीलर को साइबर ठगों ने 4 घंटे रखा अरेस्ट में

# डिजिटल अरेस्ट 680 करोड़ के घोटाले में शामिल बताकर किया अरेस्ट, सतर्कता से ठगी का शिकार होने से बचा फरियादी

### समान थाना क्षेत्र का मामला

रीवा

साइबर ठगों ने एक बार फिर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक व्यक्ति को शिकार बनाया है बता दे शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर को ठाकुर ने शिकार बनाया है। हालांकि प्रापर्टी डीलर ने सूझबूझ दिखाते हुए अपने आप को ठगी का शिकार होने से बचा लिया।



जिसके बाद मामले मे पीड़ित ने सामान थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है, मिली जानकारी अनुसार साइबर ठगों ने इस बार पीड़ित प्रापर्टी डीलर को फोन कर कहां कि वो 680 करोड़ के घोटाले में शामिल है। इस दौरान करीब तीन से चार घंटे तक वो डिजिटल अरेस्ट रहे। पीड़ित की माने तो फ्रॉड द्वारा बताया गया कि वो टेलीकॉम डिपार्टमेंट दिल्ली से बोल रहा है, जिसके बाद फोन पर वो तरह-तरह के आरोप लगाते हुए डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाया। इससे पहले की प्रॉपर्टी डीलर साइबर फ्रॉड के झांसे में आता, तब तक वह उनकी हरकतों को समझ गया, जिसके बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया और साइबर पुलिस सहित थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। सामान थाना क्षेत्र स्थित अरुण नगर निवासी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि वह पेसे से प्रॉपर्टी डीलर है। बीते दिवस दिल्ली के टेलीकॉम डिपार्टमेंट से उन्हें फोन आया, जिनके द्वारा उसे इल्लीगल ट्रांजैक्शन करने सहित नशीली दवाओं के लिए फंडिंग करने का आरोप लगाते हुए 680 करोड़ के घोटाले में भी उसका नाम शामिल होना बताया और इस तरह से उसे डराते और धमकाते हुए तकरीबन तीन से चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा। पीड़ित ने बताया कि जब साइबर फ्रॉड ने उसे यह बात किसी से ना बताने की धमकी दी तो उन्हे आशंका हुई, जिसके बाद वो फोन बंद कर समान थाना पुलिस से शिकायत किए साथ बुधवाहर की सुबह सायबर सेल से भी शिकायत कर जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। जिसके बाद पुलिस और सायबर सेल की टीम अब पूरे मामले की जांच कर रही है।जिले मे पहले भी आ चुके मामले जिले में पहले भी डिजिटल अरेस्ट के मामले भी आ चुके है विगत कुछ दिनों पहले समान के नेहरू नगर में रहने वाले व्यापारी को बदमाशों ने पहले ऑनलाइन काम करने के बदले में लूटा। फिर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर खाते की सारी रकम लुट ली थी, वही मऊगंज में एक महिला को सिक्के भेजने के नाम पर बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट किया था। बदमाशों की धमकी से डरकर महिला ने आत्महत्या कर ली थी। मऊगंज पुलिस ने राजस्थान से बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

---

# 16 स्कूलों में प्रवेश संख्या शून्य, प्राचार्यों को नोटिस, प्रवेश की आज आखिरी तारीख

रीवा

नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद सरकारी स्कूलों में छात्रों के प्रवेश का ब्योरा एजुकेशन पोर्टल 3.0 में दर्ज किया जाना है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के 16 ऐसे स्कूल है, जहां पर कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों का प्रवेश शुन्य बताया जा रहा है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अब संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर जवाच प्रस्तुत करने को कहा है। नोटिस में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि नए शिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए दस अप्रेल तक का समय निर्धारित किया गया है।




कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रवेश की स्थिति पोर्टल पर शून्य दर्शित होने के कारण डीईओ रीवा ने शासकीय उमावि कन्या पाण्डेन टोला रीवा, शाउमावि संभागीय आवासीय रीवा, शाउमावि गोड़हर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्र.1 रीवा, शासकीय श्रवण दृष्टि बाधित स्कूल रीवा, शास हाईस्कूल धवैया, शाउमावि जोड़ौरी, निकायाधीन जनता उमावि चंदेह, निकायाधीन उमावि क्योंटी, शास. हाईस्कूल इटमा, शास. हाईस्कूल जवा, समता शास. उमावि, बक्छेरा,निकायाधीन महावीर सिंह उमावि दुलहरा, निकायाधीन सेवादल उमावि. खर्रा, निकायाधीन शिवाजी उमावि. सूती, त्योंथर के प्राचार्य को नोटिस जारी किया है।बॉक्स 10 अप्रैल है प्रवेश की अंतिम तिथिडीईओ रीवा ने संबंधित प्राचार्यों को नोटिस के माध्यम से कर्तव्यबोध कराते हुए नाराजगी व्यक्त की है कि प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित है, बावजूद उसके भी विद्यार्थियों के प्रवेश की ओर प्राचार्यों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन शिक्षा पोर्टल 3.0 पर नामांकन शून्य है। डीईओ ने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए लेख किया है कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश एवं नामांकन अतिन्यून रहा है। उन्होंने प्राचार्यों के कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विहित प्रावधानों के विपरीत तथा म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दंडनीय बताया है। जरिये नोटिस डीईओ रीवा ने संबंधित प्राचार्यों से पूछा है कि क्यों न आ अपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के अंतर्गत असंचयी प्रभाव से दो वेतनवृद्धि बंद करने का प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को भेजा जावे।

---

# संयुक्त संचालक ने आंगनवाड़ी केन्द्र में कराई गोद भराई



**रीवा** । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 अप्रैल से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य रक्षा, सुपोषण और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने पोषण पखवाड़े के दौरान गत दिवस सिंगरौली जिले का भ्रमण किया। संयुक्त संचालक ने देवसर बाल विकास परियोजना के आंगनवाड़ी केन्द्र नौढ़इया में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई। उन्होंने महिलाओं को समझाइश देते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित रूप से स्वास्थ्य जाँच कराएं। डॉक्टर की सलाह के अनुसार उचित पोषण आहार तथा आयरन की दवाएं नियमित रूप से लें। माता स्वस्थ रहेगी तो उसका शिशु भी स्वस्थ रहेगा। गर्भावस्था के दौरान किसी भी तरह की कठिनाई आने पर तत्काल अस्पताल जाकर डॉक्टरों से उचित सलाह लें। आंगनवाड़ी केन्द्र में बघेलखण्ड के परंपरागत शिशु के जन्म पर गाये जाने वाले सोहर गीत के साथ गोद भराई कराई गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

---

#### बंद करो शराब दुकान नहीं तो रखूंगी चण्डिका का रूप. शराब ठेकेदार को महिलाओं की सख्त चेतावनी

# करहिया शराब दुकान के विरोध में फिर उतरी महिलाएं, प्रशासन पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

रीवा

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया मण्डी के पास स्थित शराब दुकान हटाने के विरोध में एक बार फिर बुधवार को महिलाओं ने जमकर प्रदर्शन किया। नाराज महिलाओं की मांग थी को शराब दुकान इस स्थान से हटाई जाए, वही उन्हे एक सप्ताह पूर्व आबाकारी अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि यह शराब दुकान कही दूसरी जगह खोली जाएगी, लेकिन इसके उलट देखा जा रहा है कि शराब दुकान के अंदर फर्नीचर, शराब दुकान के नए बोर्ड लग रहे है, जिससे महिलाओं का आक्रोश फिर बढ़ गया है, उनका कहना है कि जिस स्थान पर शराब दुकान है, उसी के ठीक बगल से वो अपने घर के लिए आते जाते है।



शाम के समय पूरी सड़क पर शराबियों का मजमा लग जाता है, लड़किया व महिलाए जब निकलती है तो उनके द्वारा गलत कमेंट्स भी किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि वह विगत तीन सालों से इस दुकान को हटाने को लेकर विरोध कर रही है, लेकिन शराब दुकान का स्थान नहीं बदला गया। प्रशासनिक अधिकारी आते हैं और केवल आश्वासन देकर निकल जाते हैं। वाहक प्रशासनिक अधिकारियों पर महिलाओं ने वाद खिलाफी का भी आरोप लगाया है उन्होंने कहां कि जब तक यह शराब दुकान नहीं हटेगी वो प्रदर्शन जारी रखेगी। उन्होने कहां कि अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए अगर उन्हे जान भी गवानी पड़ेगी तो वो पीछे नहीं हटेगी। महिलाओं ने कहा कि नया शराब ठेका होने के बाद से ही उनके द्वारा इस दुकान को हटाए जाने की मांग की जा रही है, जिसे लेकर उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया। जिस बीच जिला आबकारी के अधिकारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर इस दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी यह दुकान नहीं हटाई गई। जबकि वहां पर नए तरीके से दुकान को चलाने का काम किया जा रहा है। विरोध कर रही महिलाओं और लड़कियों ने कहा कि शराब दुकान होने के कारण उनका यहां से गुजरना दूभर हो रहा है। लड़कियों ने कहा कि वह इस मार्ग से होकर स्कूल कॉलेज के लिए आती और जाती हैं, जिस दौरान शराबियों के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, ऐसे में हर समय अनहोनी का भय सताता है, न तो सुरक्षा गार्ड है और न ही प्रकाश की व्यवस्था। उन्होन शासन प्रशासन से शराब दुकान को अन्यत्र जगह ले जाने की मांग करते हुए कहां कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो उग्र प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन होगा सभी महिलाएं मिलकर मां कालिका का चंडी रूप धारण कर दुकान के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

---

# एंटी ड्रग कैंपेन चलाकर अवैध नशे के कारोबार पर नकेल कसेगी पुलिस, आईजी ने कंट्रोल रूम में बैठक कर नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**रीवा** । रीवा जोन के नवागत आईजी आईपीएस गौरव राजपूत ने बुधवार को रीवा जिले के पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ पहली बैठक की है, इस दौरान ने उन्होंने नवरात्रि में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी है, इसके साथ ही आईजी गौरव राजपूत ने आज से रीवा जोन में दो अभियान की शुरुआत की है, जिसमें नशे कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए एंटी ड्रग कैंपेन अभियान की शुरुआत की गई है जिसमे गांजा चरस अफीम नशीली कफ सिरप मेडिकल नशे को रोकने व जड़ से खत्म करने के प्रयास किए जाएंगे, साथ ही पूरे जोन मे आम लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास जागृत करने के लिए बाइक गस्त की शुरूआर की गई है। आइजी ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नशीली सिरप, अवैध शराब गांजा ब्राउन सुगर जैसे नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने के कड़े निर्देश दिए। आईजी ने पुलिस को



शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक सड़क पर नियमित मूवमेंट रखने, वाहन चेकिंग, बाइक पेट्रोलिंग और नशेड़ियों व अपराधियों की धरपकड़ करने का आदेश दिया। आइजी ने कहा कि हमें किसी आम लोगों को परेशान नहीं करना है, बल्कि नशे के कारोबार से जुड़े आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने है। अवैध नशा समाज के लिए घातक है, युवा वर्ग इसके दलदल में फस रहा है, परिवार तबाह हो रहे है, जिससे सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध नशे पर पूर्णत रोक लगाने के लिए निर्देशित किया गया है. जिससे समाज भयमुक्त तथा नशामुक्त हो सके। इस दौरान डीआइजी राजेश सिंह चंदेल, एसपी विवेक सिंह के साथ जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस सहित थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।बॉक्स शाम होते ही सड़क पर उतरी पुलिस, दिखाई सख्ती आइजी के निर्देशों के बाद बुधवार की शाम पुलिस ने शहर भर में बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया। एडिशनल एसपी सीएसपी सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर के प्रमुख चौराहों पर जाकर यातायात व्यवस्था से लेकर अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों की जांच की और नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शहर में विभित्र स्थानों पर वाहनों की चेकिन के अलावा अन्य कानून व्यवस्था एवं यातायात के नियमों को लेकर पुलिस की सजगता सड़क पर देखने को मिली। शहर के संदिग्ध चौराहे एव गलियों में पुलिस ने बाइक से गश्त कर अपराधियों पर शिकंजा कसा, पुलिस की प्रभावी गस्त को देखकर आम जन में राहत का एहसास दिखा। पुलिस की कई घंटे चली इस कार्यवाही के बाद अपराधियों में दहशत का माहौल भी साफ तौर पर नजर आया। शहर के अंदर स्टंटबाज अराजकता का माहौल पैदा करने वाले सरहंगों पर कार्यवाही दौरान निजात असर दिखने लगा।सिरमौर चौराहा, एसएएफ चौराहा, प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा, रतहरा, मार्तण्ड स्कूल मोड़, जय स्तंभ चौक , देकहा तिराहा, शिल्पी प्लाजा जैसे प्रमुख स्थानों पर पुलिस ने वाहन चालकों को रोका और 300 से अधिक चालकों पर जुर्माना लगाया।

बिछिया पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ी चोरी की बाइक आईजी के निर्देशन के बाद बिछिया थाना पुलिस ने एसएफ चौराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया जहां वाहनों की चेकिंग के दौरान कई वाहन चालको से बाइक के जरूरी दस्तावेज मांगे गए, किंतु वाहन चालक के पास दस्तावेज मौजूद नहीं थे, पूछताछ के दौरान यह पता चला की बाइक चोरी की थी फिलहाल पुलिस ने चार बाइक को जप्त लिया। और आगे की कार्रवाई कर रही है। बॉक्स सोहागी पुलिस ने चेकिंग दौरान पकड़ी अवैध शराबत्योंथर एसडीओपी उदित मिश्रा के मार्गदर्शन पर सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला के नेतृत्व में बाइक से भ्रमण गस्त के दौरान तीन अलग-अलग जगहों पर अवैध देशी शराब, के साथ ही गस्त के दौरान गढ़ थाना क्षेत्र से दो माह से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़ थाना को सुपुर्द किया। सोहागी पहाड़ पर हादसों में नियंत्रण को लेकर लगाई गई वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में वाहन चला रहे दो वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। कार्यवाही दौरान त्योंथर चौकी प्रभारी संजीव शर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

---

# खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों का 7 दिन में ई केवाईसी कराएं : कलेक्टर मऊगंज

मऊगंज



कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों का ई केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि मऊगंज जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभांवित एक लाख 49 हजार 131 हितग्राहियों का ई केवाईसी अभी शेष है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम तथा नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाएं। इन शिविरों में ई केवाईसी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी, पटवारी, उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन, ग्राम रोजगार सहायक तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहकर शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी करें। जो व्यक्ति शिविर में उपस्थित न हों उन्हें घर-घर जाकर ई केवाईसी कराएं। हितग्राहियों के ई केवाईसी का कार्य सात दिवस में पूरा करें। अभियान के दौरान राशनकार्ड में दर्ज मृत सदस्यों, स्थाई रूप से प्रवास करने वाले तथा डुप्लीकेट नामों को भी हटाने की भी कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा है कि खाद्यान्न वितरण के लिए उचित मूल्य दुकान सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक संचालित करें। इसके बाद सेल्समैन घर-घर जाकर ई केवाईसी कराएं। सभी सेल्समैनों को शेष बचे हितग्राहियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। एसडीएम ई केवाईसी के लिए लगाए जा रहे शिविरों की सतत मानीटरिंग करें तथा प्रतिदिन प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी सहायक आपूर्ति अधिकारी अपने क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित कराकर ई केवाईसी कराएं। हितग्राहियों की ई केवाईसी का कार्य एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से पूरा करें।

---

#### नल जल योजना में शिवराजपुर का निर्माण कार्य अधूरा

# जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत घर-घर पहुंचाना था पानी, जनता का सपना नहीं हुआ साकार

**मऊगंज।** जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत आम जनमानस को शुद्ध पेयजल मुहैया कराए जाने हेतु तीनों विकास खंड अंतर्गत आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन एवं मुख्यमंत्री नल जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कर पाइपलाइन के माध्यम से घर घर नल लगाकर जनता को पानी देने की योजना है। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मऊगंज के तहत जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाले शिवराजपुर ग्राम पंचायत में रेटोफिटिंग नल जल योजना के तहत 123. 24 लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत के निवासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराए जाने हेतु जुलाई 2021 में योजना की बुनियाद डाली गई थी। लेकिन जिम्मेदारों के गैर जिम्मेदाराना कार्य का परिणाम रहा की तीन वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक शिवराजपुर की जनता को जल जीवन मिशन द्वारा बनाई जाने वाली विशालकाय पानी की टंकी के माध्यम से नियमित शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पाया।*अधूरी पड़ी है पाइप लाइन*योजना के तहत तहत निर्माण एजेंसी द्वारा पानी टंकी निर्माण के बाद शिवराजपुर गांव के निर्धारित बसाहटों में पाइपलाइन डालकर हर घर के सामने नल कनेक्शन देकर जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया कराना था। लेकिन आज की स्थिति में 70 फीसदी क्षेत्र में भी सुचारू रूप से पाइपलाइन नहीं डाली जा सकी। इधर जो पाइप लाइन डाली भी गई वह भी अपूर्ण स्थिति में पड़ी है। इतना ही नहीं जिन घरों के सामने नल कनेक्शन देना था वहां खुली पाइपलाइन छोड़कर निर्माण एजेंसी अधूरे कार्य को पूर्ण करना उचित नहीं समझा। और आज तक संविदा के अनुसार नल की टोटियां नहीं लगाई गई।जिसके चलते इतनी बड़ी लागत से शिवराजपुर ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल देने की योजना आज भी आधी अधूरी पड़ी मुंह चिढ़ाती नजर आती है।ग्रामीणों का सपना था कि पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। लेकिन जिम्मेदारों ने शिवराजपुर निवासियों के अरमानों में पानी फेर दिया। जिसके कारण जनता का सपना साकार नहीं हो सका।

